100 Years 1920-2020

University of Lucknow | Centenary Year

लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 19 June 2020

## NBT Page 3

### परीक्षा केंद्र बदलने का आखिरी मौका

■ एनबीटी, लखनऊ : बीएड प्रवेश परीक्षा के नए केंद्रों के चयन करने का शुक्रवार को आखिरी मौका है। बीएड कॉर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेई के मुताबिक, आवेदन संबंधित दिक्कतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। 9335628779, 9335711136 (बीएड इंफरमेशन सेल) और 0522-2740412 (स्टेट नोडल ऑफिसर)

## HINDUSTAN Page 7

एलयू की तस्वीर अलग

### स्नातक, परास्नातक के आवेदनों में पिछले वर्ष के मुकाबले उछाल

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन से कॉलेजों के प्रवेश पर असर डाला है। लेकिन, विश्वविद्यालय में दाखिले की तस्वीर अलग है। यहां कई पाठ्यक्रमों को लेकर रुझान में पिछले कई वर्षों के बाद उछाल देखने को मिला है।

कई विषयों में पंजीकरण की संख्या बढ़ी है। हालांकि, संस्कृत, उर्दू, फारसी, अरबी जैसी भाषाओं की स्थितियां अच्छी नहीं हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि 30 जून है। लविवि के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभी तक 41, 286 पंजीकरण कराए गए हैं। वहीं, परास्नातक पाठ्यक्रमों में यह संख्या 18,636 तक पहुंच गई है।

लविवि में प्राचीन भारतीय इतिहास में परास्नातक पाठ्यक्रम में 108 सीट हैं। पिछले बार 84 आवेदन होने के कारण सभी को प्रवेश दिया गया था। सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए अभी तक 197 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। परास्नातक में एलएलबी और एलएलएम पाठ्यक्रम हमेशा से काफी मांग रही है। इस बार संख्या बढ़ी है। एलएलबी की 320 सीट के लिए 4515 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। वहीं, एलएलएम की 60 सीट के लिए 2231 अभ्यर्थी हैं।

> “ आवेदन की प्रक्रिया अभी चल रही है। ऐसे में छात्रों की संख्या बढ़ने की पूरी उम्मीद है। अंग्रेजी को छोड़ दिया जाए तो भाषाओं से संबंधित पाठ्यक्रमों की स्थितियां कमजोर हैं। प्रो. अनिल मिश्रा, प्रवेश समन्वयक, लविवि

## DAINIK JAGRAN Page 3

### केंद्र बदलने का अंतिम मौका आज

जासं, लखनऊ : यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) 2020 के परीक्षा केंद्र बदलने का आवेदन शुक्रवार तक किया जा सकेगा। राज्य प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अमिता बाजपेई ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाकर परिर्वतन कर सकते हैं।

## PIONEER Page 3

### बीएड में नए परीक्षा केंद्रों के चयन के लिए आज आखिरी मौका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर प्रस्तावित राज्य स्तरीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को तीन नए केंद्रों के चयन के लिए शुक्रवार तक का समय है। साथ ही आवेदन संबंधित दिक्कतों के समाधान के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराए हैं। बीएड परीक्षा में पूर्व में दिए गए विकल्पों के स्थान पर अगर अभ्यर्थी नए विकल्पों का चयन करना चाहते हैं तो वे आवेदन पत्र को उसी रजिस्ट्रेशन संख्या से दोबारा लॉगिन कर किन्हीं तीन नए केन्द्रों का चयन कर सकते हैं। नए केन्द्रों के चयन में मानकों का निर्धारण किया गया है अगर अभ्यर्थी द्वारा चुने गए नये विकल्पों में से किसी भी शहर में परीक्षा केंद्र बनाना संभव नहीं होता है तो एलयू पहले वाले आवेदन पत्र में भरे गए परीक्षा केंद्रों के विकल्पों में से किसी एक केंद्रो का आवंटन करेगा। बीएड कॉर्डिनेटर प्रोण् अमिता बाजपेई ने बताया कि नए परीक्षा केंद्रों का चनय करने के लिए काफी स्टूडेंट्स को दिक्कतें आ रही है। जिनका समाधान भी किया जा रहा है।


## i-NEXT Page 4

### यूनिवर्सिटी और बीएड एंट्रेंस एग्जाम जुलाई में

i UPDATE

मुख्य सचिव ने दिए निर्देश कि बीएड प्रवेश परीक्षा के केंद्र राज्य के बाहर भी बनाएं

यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के सेमेस्टर व एनुअल एग्जाम के लिए हर जिले में बनेंगे सेंटर



LUCKNOW (18 June): कोरोना संक्रमण से बचाव के साथ अब बीएड एंट्रेस और यूनिवर्सिटी के एनुअल एग्जाम व सेमेस्टर एग्जाम जुलाई में शुरू होंगी. मुख्य सचिव आरके तिवारी ने गुरुवार को निर्देश दिए कि बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा जुलाई के किसी भी संडे रविवार को आयोजित की जाए, जरूरत के अनुसार बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए दूसरे राज्यों में भी परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे. इस दिन कोई भी यूनिवर्सिटी और कॉलेज अपने यहां एग्जाम कंटक्ट नहीं करा सकेगा. इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि एग्जाम के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और सेनेटाइजेशन की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी. मुख्य सचिव ने सभी स्टेट यूनिवर्सिटी के वीसी और डायरेक्टर हायर एजुकेशन और डीएम व मंडलायुक्त को यह निर्देश दिए.

#### 30 जून के बाद कभी भी एग्जाम

मुख्य सचिव ने सभी विश्वविद्यालयों व डिग्री कालेजों की वार्षिक परीक्षाएं और सेमेस्टर परीक्षाएं भी 30 जून के बाद यानी जुलाई में आयोजित करने के निर्देश दिए हैं. इसके लिए जरूरत के अनुसार सभी जिलों में यूनिवर्सिटी एग्जाम सेंटर बनाएं, ताकि जिससे स्टूडेंटस को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े. वहीं एग्जाम के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और सेनेटाइजेशन का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश उन्होंने जारी किए.

#### एग्जाम सेंटर सेलेक्ट करने का आज लास्ट चांस

LUCKNOW: बीएड प्रवेश परीक्षा में तीन नए सेंटर्स का चयन करने के लिए शुक्रवार का दिन ही शेष है. आवेदन संबंधी स्टूडेंट्स की दिक्कतों को दूर करने के लिए एलयू ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं.

**क्या है प्रक्रिया-** बीएड परीक्षा में पूर्व में दिए गए विकल्पों के स्थान पर अगर कैंडीडेट नए विकल्पों का चयन करना चाहते हैं तो वे आवेदन पत्र को उसी रजिस्ट्रेशन संख्या से लॉगइन करेंगे. इसके बाद वे दिए गए केंद्रों में से तीन नए केंद्रों का चयन कर सकते हैं. कैंडीडेट द्वारा चुने गए नये विकल्पों में से किसी भी शहर में परीक्षा केंद्र बनाना संभव नही है तो एलयू पहले वाले आवेदन पत्र में भरे गए सेंटर्स के विकल्पों में से किसी एक का आवंटन करेगा. बीएड कॉर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेई के अनुसार सेंटर का सेलेक्शन करते समय स्टूडेंट्स प्राब्लम्स आ रही हैं तो उसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं.

**हेल्पलाइन नंबर**

बीएड इंफॉरमेशन

9335628779, 9335711136

स्टेट नोडल ऑफिसर

0522-2740412

#### मास्क होगा जरूरी

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि एग्जाम सेंटर में तैनात टीचर्स और कर्मचारियों को फेस कवर और फेस मास्क अनिवार्य रूप से पहनना होगा. एग्जाम सेंटर पर आने वाले स्टूडेंट्स व ड्यूटी पर तैनात टीचर्स और कर्मियों की इंफ्रारेड थर्मामीटर से स्क्रीनिंग की जाएगी.